**Regarding repairing and maintenance of stretch of NH No. 39 from Murdhawa upto Chhattisgarh Border in Uttar Pradesh**

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : धन्यवाद सभापति जी, उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब वहां हमारे संसदीय क्षेत्र सोनभद्र, रॉबर्ट्सगंज में वाराणसी-शक्तिनगर फोर-लेन मार्ग बनाया गया था । जब सरकार चली गई, तो वह अधूरा रह गया है । एनएच-39, रीवां-रांची राजमार्ग, जिसमें मध्य प्रदेश अपने बॉर्डर तक बना चुका है, फोर-लेन बन चुका है । झारखंड अपने बॉर्डर तक फोर-लेन बना चुका है । मात्र सोनभद्र में 80 किलोमीटर का कार्य बाकी है, जिसे जल्द बनाया जाए । वहां इतना जाम होता है कि लोग मरीज को लेकर समय से अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं । रेनूकूट, मुरधवा मोड़ से म्योरपुर हवाई अड्डा होते हुए छत्तीसगढ़ तक 60 किलोमीटर फोर-लेन नहीं बनी है । उसे जल्द से जल्द बनाया जाए ।

महोदय, इसी प्रकार से मिर्जापुर, घोरावल, खलिआरी बिहार तक फोर-लेन जल्द बनाया जाए । घोरावल से अनपरा फोर-लेन जल्द बनाया जाए । इसी प्रकार से सोन नदी पर पुल बना हुआ है, लेकिन अभी तक वहां फोर-लेन रोड नहीं बन सकी है । मुगलसराय, चंदौली, चकिया, नवगढ़, सोनभद्र, झारखंड तक फोर-लेन का काम अभी नहीं शुरू हुआ है, उसे जल्द बनाया जाए । मिर्जापुर, अहरौरा, चकिया, अमरा पुल बनकर तैयार है । अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है । धन्यवाद ।